/b>

Title: Need for construction of a road between Goraiya and Aber villages and construction of a bridge on Semrawal river at Rehuntaghat in Madhya Pradesh under Pradhanmantri Gram Sadak Yojna.

श्री रामानन्द सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के सतना जिला में सेमरावल नदी पर ग्राम रेहुंटा के पास पुल का बनवाया जाना जनहित में नितांत आवश्यक है। उक्त नदी पर टमस बराज पर विद्युत उत्पादन हेतु बांध बन जाने से नदी में इतना पानी भर जाता है कि करीब 50 ग्रामों के लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। लोग नावों से आते-जाते हैं। ट्रैक्टर, बैलगाड़ियां, पशुओं व अन्य वाहनों का आवागमन अवरुद्ध है। करीब 50 ग्रामों की जनता को जिला मुख्यालय सतना व रीवा आने-जाने पर करीब 30-40 मील का चक्कर काट कर जाना पड़ता है। यदि ग्राम गोरइया से ग्राम अबेर को वाया गजगवॉ-रेहुंटा होकर प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में लेकर रेहुंटा घाट के पुल सहित बनवा दिया जाये तो इस क्षेत्र की जनता को आवागमन की सुविधा उपलब्द हो सकेगी। ग्राम गोरइया से ग्राम अबेर-रेहुंटा घाट होकर दूरी मात्र 10 किलोमीटर है। पुल का एस्टीमेट लगभग 70 लाख का है।

अत: भारत सरकार से अनुरोध है कि ग्राम गोरइया से ग्राम अबेर तक 10 कि.मी. की सड़क तथा सेमरावल नदी का रेहुंटा घाट पर पुल प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में लेकर इस कार्य को जनहित में प्राथमिकता से पूर्ण कराने हेतु मध्य प्रदेश सरकार से आग्रह करें।